nt>

Title: Requests to restart cotton and jute mills of National Textile Corporation in Gaya District, Bihar and need to consider the demands of the workers.

डा. शकील अहमद : सभापति जी, शून्यकाल की सूचना के पहले मैं एक सुझाव देना चाहता हूं। मैं पिछले दो-तीन दिनों से देख रहा हूं कि श्री बालू जी और मुत्तैया जी की पार्टी के लोग बहुत नजदीक बैठने लग गये हैं। इस कारण किसी दिन कोई भी घटना हो सकती है। आप उन दोनों की सीटें अलग-अलग करवा दीजिए। मैं यह दो-तीन दिन से देख रहा हूं। यह बात अच्छी नहीं है और सदन के लिए भी अच्छी नहीं होगी।

मैं यह कहना चाहता हूं कि बिहार के गया जिले में काटन और जूट मिल के कर्मचारी १० जुलाई से हड़ताल पर हैं। १९९०-९१ में कर्मचारी संघ और कलकत्ता में जो हैडक्वार्टर है, उसके सी.एम.डी. के बीच समझौता हुआ था। उनका १० महीने का एरीयर बाकी है। इसका बार-बार नोटिस देने पर जब प्रबंधन ने कर्मचारियों का भुगतान नहीं किया तो पिछली १० जुलाई को वे हड़ताल पर चले गये। उस मिल का काम बंद है। नेशनल टेक्सटाइल कार्पोरेशन की बिहार के गया जिले में काटन और जूट की एक ही मिल है। मेरा आपसे अनुरोध है कि आप उसका काम शीघ्र शुरू करवायें। इस तरफ टेक्सटाइल मंत्री जी ध्यान दें और नेशनल टेक्सटाइल कार्पोरेशन के चेयरमैन से बात करके वहां के कर्मचारियों की जो मांगें हैं, उसकी पूर्ति कराकर काटन और जूट मिल को तुरंत खुलवाने की व्यवस्था करें। इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि आप उनकी सीटें जरूर अलग करवा दीजिए।